तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, बुधवार 20 मई 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 दरकती पुलिया बनी जानलेवा खतरा, दुर्ग-बेमेतरा स्टेट हाईवे पर ...



11 कुरा में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित...



**खबर संक्षेप**

### आज राष्ट्रव्यापी दवा व्यापार बंद, बेमेतरा स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर

**बेमेतरा।** देशभर में 20 मई को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी दवा व्यापार बंद को लेकर बेमेतरा जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर आ गया है। ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के आह्वान पर आयोजित इस एकदिवसीय बंद में देशभर के लगभग 12.40 लाख से अधिक केमिस्ट एवं औषधि वितरक शामिल रहेंगे। बंद ऑनलाइन फार्मेसी के विरोध में किया जा रहा है। जिला बेमेतरा के केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट संघ ने भी बंद की अग्रिम सूचना प्रशासन को सौंप दी है। संभावित परिस्थितियों को देखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सह उपसंचालक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने जिलेवासियों से आवश्यक दवाइयों की व्यवस्था पहले से कर लेने और अफवाहों से बचने की अपील की है। स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह चालू रहेंगी। जिला चिकित्सालय सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में संचालित प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्रों को 24 घंटे खुले रखने के निर्देश दिए गए हैं ताकि आम लोगों को जरूरी दवाइयां आसानी से उपलब्ध हो सकें। विभाग के अनुसार अपोलो फार्मेसी एवं श्री धनवंतरी मेडिकल स्टोर्स जैसे कुछ निजी मेडिकल स्टोर इस बंद में शामिल नहीं हैं। ऐसे में जरूरतमंद लोग वहां से भी दवाइयां प्राप्त कर सकेंगे। किसी भी आपात स्थिति में नागरिक जिला चिकित्सालय, नजदीकी ▶▶| शेष पेज 11 पर

# पीएम आवास योजना में लापरवाही पर प्रशासन सख्त, 700 से अधिक हितग्राहियों से होगी वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत स्वीकृत आवासों का निर्माण अधूरा छोड़ने वाले हितग्राहियों पर अब प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है। जनपद पंचायत बेरला क्षेत्र में ऐसे 700 से अधिक हितग्राही चिन्हित किए गए हैं, जिन्होंने योजना की दूसरी किस्त की राशि प्राप्त करने के बावजूद अब तक आवास निर्माण कार्य पूरा नहीं किया है। अब इन हितग्राहियों से शासकीय राशि की वसूली की तैयारी प्रशासन द्वारा की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, संबंधित हितग्राहियों को पूर्व में कई बार नोटिस जारी कर जल्द से जल्द आवास पूर्ण करने के निर्देश दिए गए थे,

**लंबे समय से सीमांकन की मांग की जा रही थी**



### नियमानुसार होगी कार्रवाई

सीईओ मंडावी ने चेतावनी देते हुए कहा कि जिन हितग्राहियों ने नोटिस मिलने के बाद भी आवास निर्माण पूरा नहीं किया है, उनके विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने सभी संबंधित हितग्राहियों से जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूर्ण करने की अपील की है, ताकि उन्हें आगे किसी प्रकार की कानूनी एवं वित्तीय कार्रवाई का सामना न करना पड़े।

लेकिन अनेक लोगों द्वारा प्रशासनिक निर्देशों की अनदेखी की गई। इसके चलते अब जनपद पंचायत बेरला प्रशासन ने संबंधित तहसीलों से वसूली प्रमाण पत्र जारी कराने की प्रक्रिया प्रारंभ करने की तैयारी कर ली है। इस संबंध में जनपद पंचायत बेरला की मुख्य कार्यपालन अधिकारी दीप्ति मंडावी ने हितग्राहियों की पेशी लेते हुए स्पष्ट कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत दी जाने वाली आर्थिक सहायता का उपयोग केवल मकान निर्माण कार्य के लिए ही किया जाना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि शासन की महत्वाकांक्षी जनकल्याणकारी योजना में लापरवाही और राशि के दुरुपयोग को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### योजना राशि का दुरुपयोग बर्दाश्त नहीं, मकान निर्माण के लिए उपयोग करने होगी राशि

# सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई तहसीलदार ने गठित की सात सदस्यीय जांच टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

नगर में सरकारी जमीनों पर धड़ल्ले से हो रहे अवैध कब्जे का मामला अब तूल पकड़ चुका है। अखबारों में इस खबर के प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है। आम जनता की आवाज और मीडिया की रिपोर्टिंग पर संज्ञान लेते हुए साजा तहसीलदार विनोद बंजारे ने एक बड़ा कदम उठाया है। तहसीलदार ने शासकीय भूमियों के सीमांकन के लिए 7 राजस्व कर्मचारियों की एक विशेष संयुक्त टीम का गठन कर दिया है। यह जांच दल आगामी 15 दिनों के भीतर चिन्हित सरकारी जमीनों का बारीकी से सीमांकन करेगा और अपनी विस्तृत रिपोर्ट तहसील न्यायालय को सौंपेगा। इस कार्रवाई से भू-माफियाओं और अवैध कब्जाधारियों में हड़कंप मच गया है।

**जनता में जगी उम्मीद**

अखबारों के माध्यम से बात सामने आने के बाद प्रशासन द्वारा की गई, इस त्वरित कार्रवाई की नगरवासी सराहना कर रहे हैं। अब देखना यह होगा कि 15 दिनों के भीतर यह टीम अपनी रिपोर्ट में क्या खुलासे करती है और अवैध कब्जाधारियों पर प्रशासन का बुलडोजर कब चलता है।



### जांच दल में 7 अधिकारी-कर्मचारी शामिल

निष्पक्ष और त्वरित कार्रवाई के लिए तहसीलदार कार्यालय से जारी आदेश के तहत 7 सदस्यीय टीम में अनुभवी राजस्व अमले को तैनात किया गया है, जिसमें देवचरण टंडन– राजस्व निरीक्षक नगर साजा, टीकमचंद देवांगन वरिष्ठ पटवारी साजा, जीवन लाल ठाकुर पटवारी बोरतरा, ओंकार राजपूत पटवारी बीजागोंड, टोपू वर्मा पटवारी घोटवानी, विनायकधर दीवान–पटवारी गडुआ और सुंदरलाल घृतलहरे-पटवारी मोहतरा शामिल हैं।

### इन प्रमुख सरकारी भूमियों का होगा सीमांकन

प्रशासन द्वारा जारी आदेश के मुताबिक नगर की कई बेशकीमती और संवेदनशील जमीनों की नापजोख की जाएगी, जिनमें मुख्य रूप से शामिल हैं, जिसमें नगर पंचायत कार्यालय परिसर के आसपास की सरकारी भूमि पर हुए अवैध कब्जों की कड़ाई से जांच होगी। पुराना मुरूम खदान अर्जुन भाटा में इस बड़े भूभाग पर भी सीमांकन का आदेश जारी किया गया है। वार्ड क्रमांक 13 स्थित टार बांध की जमीन को लेकर साजा की जनता लंबे समय से सीमांकन की मांग कर रही थी, जो अब पूरी होने जा रही है। स्थानीय लोगों को इस जांच का बेसब्री से इंतजार है। वार्ड क्रमांक 2 जनपद मार्ग में यहां अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए बनाए गए शासकीय क्वाटर्स में बड़े पैमाने पर अवैध कब्जे की आशंका है, जिसे देखते हुए तहसीलदार ने सीमांकन का फैसला लिया है। चिन्हित खसरा नंबरः प्रशासन ने जांच के लिए मुख्य रूप से खसरा नंबर 712/1, 1412/2, 3563/1 और 3635/1 को शामिल किया है।

# अफवाहों से बढ़ी पेट्रोल पंपों पर भीड़, प्रशासन बोला- जिले में ईंधन की कोई कमी नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में पेट्रोल-डीजल की कमी को लेकर फैल रही अफवाहों के बीच जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बेमेतरा में ईंधन का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है और सभी पेट्रोल पंपों पर नियमित आपूर्ति जारी है। प्रशासन ने लोगों से घबराकर अनावश्यक रूप से ईंधन संग्रहित नहीं करने की अपील की है।

मंगलवार को जिला प्रशासन द्वारा पेट्रोल पंप संचालकों और तेल कंपनियों के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम के प्रतिनिधियों ने बताया कि जिले के 77 पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल की सप्लाई सामान्य रूप से जारी है। इनमें इंडियन ऑयल के 34, भारत पेट्रोलियम के 19 और हिंदुस्तान पेट्रोलियम के 24 पेट्रोल पंप शामिल हैं। अधिकारियों ने जानकारी दी कि वर्तमान में करीब 12 पेट्रोल पंपों पर अस्थायी रूप से ईंधन की कमी की स्थिति बनी हुई है, लेकिन संबंधित कंपनियों द्वारा वहां जल्द ही सप्लाई पहुंचाई जा रही है। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यह केवल अस्थायी स्थिति है और जिले में किसी तरह का ईंधन ▶▶| शेष पेज 11 पर



## खबर संक्षेप

### डीजल-पेट्रोल के दाम बढ़ने से आम आदमी पर महंगाई की मार



दुर्ग। समाजवादी पार्टी के शहर अध्यक्ष शेख रज्जाक ने डीजल पेट्रोल के दामों में वृद्धि पर कहा कि अब महंगाई पर अंकुश लगाना मुश्किल हो जाएगा, क्योंकि पूरी व्यवस्था पेट्रोल से जुड़ी हुई है। भाड़ा बढ़ने से जरूरत की चीजों के दाम बढ़ेंगे और आम नागरिकों को मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार सरकार केवल चुनाव तक डीजल पेट्रोल के दाम को रोक के रखी थी। चुनाव निपटते ही तुरंत इसमें बढ़ोतरी की घोषणा कर दी है, जिसका खामियाजा आम आदमी चुकाने के लिए मजबूर है। उन्होंने कहा कि सरकारी योजना और मंत्रियों के काफिले में जो खर्च होता है, उसे प्रतिबंध पूरी तरह से लगना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार आम नागरिकों को ईवी अपनाने की सलाह देती है। सरकार को भी डीजल पेट्रोल से चलने वाले वाहनों को बंद करके ईवी वाहनों को उपयोग करना चाहिए और अगर ऐसा होता है तो एक बड़ा कदम माना जा सकता है।

### डायल 112 की सेवा के विस्तार से मिली मजबूती



दुर्ग। छत्तीसगढ़ में आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा डायल 112 सेवा को अभूतपूर्व रूप से सशक्त किया जा रहा है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने लगभग 400 अत्याधुनिक डायल 112 वाहनों को हरी झंडी दिखाकर प्रदेशवासियों को समर्पित किया गया, जो राज्य की कानून-व्यवस्था और आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाला ऐतिहासिक कदम है। भाजपा के जिला प्रवक्ता नितेश साहू ने कहा कि यह मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा के कुशल नेतृत्व, दूरदर्शी सोच और आमजन के प्रति संवेदनशीलता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता के चलते आज छत्तीसगढ़ में सुरक्षा व्यवस्था निरंतर सुदृढ़ हो रही है और आम नागरिकों को त्वरित एवं प्रभावी सहायता उपलब्ध हो रही है। नितेश साहू ने कहा कि डायल 112 सेवा का यह विस्तार केवल वाहनों की संख्या बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आम नागरिकों के जीवन में विश्वास, सुरक्षा और राहत का भाव स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा परिवर्तन है। नई आधुनिक गाड़ियों में अत्याधुनिक तकनीक, बेहतर संचार व्यवस्था एवं त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली से लैस सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे किसी भी आपात स्थिति में पुलिस की पहुंच अब पहले से कहीं अधिक तेज और प्रभावी होगी।

### पूर्व महापौर बाकलीवाल और प्रतिपक्ष नेता कोहले के नेतृत्व में प्रदर्शन, जेलरोड रहा जाम

# शहर में भीषण जलसंकट के हालात, हितग्राहियों को नहीं मिल रही निराश्रित पेंशन, कांग्रेस का मटका फोड़ प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर में भीषण जल संकट, बिजली, सफाई व्यवस्था और वृद्धों, दिव्यांगजनों, विधवाओं को महीनों ने नहीं मिलने वाले पेंशन को लेकर कांग्रेस ने दुर्ग निगम कार्यालय के बाहर उग्र प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता रैली की शक्ल में निगम कार्यालय के पास पहुंचे। इस दौरान जेल रोड अघोषित रूप से जाम रहा। लोगों को आवाजाही में खासी परेशानी उठानी पड़ी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल, नेता प्रतिपक्ष नेता संजय कोहले के नेतृत्व में यह प्रदर्शन किया गया। कांग्रेसियों और आम जनता ने शहर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पानी की मांग को लेकर खाली मटकों को निगम के सामने फोड़ा। इस दौरान एक बैरिकेट को तोड़कर दूसरे बैरिकेड के पास पहुंचे। कांग्रेसियों की पुलिस वालों के साथ भी झूम झटकी की नौबत हो गई। इसके पूर्व पुलिस प्रशासन में भी घेराव को रोकने के लिए दो से तीन लेयर की घेराबंदी और उनकी टीम की दीवार बना रखी थी। निगम कार्यालय के सामने कांग्रेसियों ने लगभग 1 घंटे तक नारेबाजी। प्रदर्शन के बाद ज्ञापन सौंपकर समस्याओं का जल्द ही निराकरण करने की मांग की गई। बाकलीवाल ने कहा कि शहर में पानी, बिजली, पेंशन मूलभूत समस्याओं से जनता में त्राही त्राही मची है। महापौर अपने हित और आत्मसम्मान के लिए लगी हुई हैं। जनता की समस्याओं को दूर करने के बजाय आम जनता को थप्पड़ मारने की धमकी, विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को घंटों बंधक बनाकर सम्मान पाने की कोशिश कर रही हैं।

**कांग्रेस ने गांधी पुतला से निगम कार्यालय तक निकाली रैली**



### 30 से ज्यादा वार्डों में पानी को लेकर हाहाकार

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि शहर में जल संकट व्याप्त है। शहर के लगभग आधे वार्डों में नियमित जलापूर्ति नहीं हो रही है, जहां हो रही है वहां लो प्रेशर और दूषित पानी दिया जा रहा है। शहर में सफाई व्यवस्था चरमरा गई है नालियों का नियमित सफाई नहीं हो रही है जो अनेक बीमारियों को जन्म दे रही है सफाई व्यवस्था दुरुस्त किया जाए। धीरज बाकलीवाल ने कहा कि भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार प्रदेश के साथ-साथ शहर में भी पूरी तरह विफल आम जनता मूलभूत समस्या से परेशान है लगातार बोलने के बाद भी निगम के उदासीनता समझ से परे, विकास विकास कार्य ठप्प पड़े है। दुर्ग शहर की ऐसी भयावह स्थिति इसके पूर्व कभी नहीं रही है यह दुर्ग की जनता का दुर्भाग्य है।



### अधोसंरचना मद के कामों में टेंडर घोटाला, तत्काल किया जाए निरस्त

संजय कोहले ने कहहा कि टेंडर प्रक्रिया में भारी अनियमितता बरती गई है। एसओआर से अधिक रेट में काम दिए गए हैं। ऐसे सारे टेंडर निरस्त होने चाहिए। इससे निगम को आर्थिक नुकसान होगा। पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि पहली बार दुर्ग शहर की जनता को पानी के लिए मूलभूत सुविधा के लिए तरसना निगम की विफल कार्यप्रणाली को दिखाता है। ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि प्रदेश की और भाजपा सरकार जहां नशे में व्यस्त है, वहीं दुर्ग महापौर जनता को थप्पड़ मारने की धमकी दे रही हैं। इस अवसर पर पूर्व विधायक अरुण वोरा, राजेंद्र साहू, दीपक दुबे, जितेंद्र साहू, आरएन वर्मा, राजेश यादव, अल्ताफ अहमद, राय सिंह ढिकोला सहित अन्य मौजूद थे।

### सोने-चांदी और रसोई से जुड़ी खाद्य सामग्रियों की कीमतों में वृद्धि, भिलाई में कांग्रेस का प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

- केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ जमकर की नारेबाजी

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोसानगर सुपेला के अध्यक्ष नरसिंह नाथ के नेतृत्व में सोमवार को आकाश गंगा सुपेला में केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया गया। यह प्रदर्शन बाजार में लगातार बढ़ रहे सोने-चांदी के दामों और आम जनता की रसोई से जुड़ी खाद्य सामग्रियों की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि के विरोध में किया गया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और बढ़ी हुई कीमतें तुरंत वापस लेने की मांग की। विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से भिलाई की पूर्व महापौर नीता लोधी और साडा के पूर्व उपाध्यक्ष बृजमोहन सिंह उपस्थित थे।

पूर्व महापौर नीता लोधी ने केंद्र और राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि आज महंगाई के कारण आम आदमी, मध्यम वर्ग और विशेषकर गृहणियों का बजट पूरी तरह से बिगड़ चुका है। रसोई गैस से लेकर दाल, चावल और तेल जैसी बुनियादी खाद्य सामग्रियों के दाम आसमान छू रहे हैं। साडा के पूर्व उपाध्यक्ष बृजमोहन सिंह ने कहा कि यह केवल महंगाई नहीं, बल्कि सरकारों की गलत नीतियों का परिणाम है जो सीधे आम जनता की जेब पर डाका डाल रही हैं। व्यापार ठप है, युवाओं के पास रोजगार नहीं है और ऊपर से रोज बढ़ती कीमतों ने नागरिकों की कमर तोड़ दी है। इस अवसर पर राधेकांत मिश्रा, लालचंद वर्मा, केशव चौबे, चंद्रशेखर गवाई, नेहा साहू, राजेश चौधरी, मोहम्मद रफीक, हीरा शंकर साहू, इस्माइल खान, दुर्गेश ताम्रकार, पिंकी वर्मा आदि उपस्थित थे।

## बघेरा पानी टंकी के पास लीकेज, शहर के आधे हिस्से में आज पेयजल सप्लाई रहेगी प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर में लीकेज की समस्या थमने का नाम नहीं ले रही है। जलकार्य विभाग लगातार लीकेज के नाम पर शटडाउन ले रहा है। भीषण गर्मी के बीच लोगों को पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। अब बघेरा पानी टंकी के पास बड़ा लीकेज सामने आया है, जिसका मेंटेनेंस 19 और 20 मई को किया जाएगा। इसके कारण बघेरा टंकी से सप्लाई वाले सभी वार्डों में पेयजल आपूर्ति प्रभावित रहेगी। इस दौरान फिल्टर प्लांट और अन्य जगहों पर भी मेंटेनेंस से जुड़े कार्य किए जाएंगे। निगम के अधिकारियों ने बताया कि वार्ड 56 बघेरा एवं एसटीएफ कॉलोनी में नल नहीं खुलेंगे। इसी प्रकार वार्ड 1 नया पारा एवं पंचशील नगर, वार्ड वार्ड 2 राजीव नगर, वार्ड 3 मठपारा, वार्ड 4 गयानगर, वार्ड 35 बजरंग नगर पानी की सप्लाई अगले दो दिन प्रभावित रहेगी। दावा किया जा रहा है कि 21 मई तक स्थिति समान्य होगी। इस दौरान प्रभावित क्षेत्र में टैंकरों से आपूर्ति की जाएगी।

### पानी की समस्या और बारिश से पहले की तैयारियों को लेकर पार्षद मिले

बिगड़ती पेयजल व्यवस्था और बारिश से पहली की तैयारियों को लेकर भाजपा समर्थित पार्षद आयुक्त सुमित अग्रवाल से मिले। उन्होंने आयुक्त से कहा कि शहर के सभी प्रमुख नालियों एवं नालों की समय पर और प्रभावी सफाई सुनिश्चित की जाए, ताकि जलभराव जैसी स्थिति उत्पन्न न हो। संवेदनशील क्षेत्रों में सफाई कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। जलापूर्ति प्रभावित क्षेत्रों में टैंकर से पानी उपलब्ध कराने पर जोर दिया। बघेरा पानी टंकी के समीप पाइपलाइन लीकेज सुधार कार्य को लेकर भी चर्चा की गई। सभापति श्याम शर्मा ने बताया कि पाइपलाइन सुधार कार्य के चलते 19 एवं 20 मई को शहर के कुछ क्षेत्रों में जलप्रदाय प्रभावित रहेगा। ऐसे में प्रभावित वार्डों एवं मोहल्लों में निगम द्वारा टैंकरों से सप्लाई की जाए। उन्होंने कहा कि नागरिकों को पेयजल संकट का सामना न करना पड़े, इसके लिए निगम प्रशासन को पूर्व तैयारी के साथ कार्य करना चाहिए। आयुक्त ने आश्वस्त किया कि



प्रभावित क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में टैंकरों के माध्यम से पानी उपलब्ध कराया जाएगा तथा नागरिकों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाएगा। वृद्धा पेंशन के लंबित मामलों को लेकर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राहियों को समय पर योजना का लाभ मिलना चाहिए तथा रुके हुए प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जाए। इस अवसर पर एमआईसी मेंबर नरेंद्र बंजारे, काशीराम कोसरे, मनीष साहू, शिव नायक, कुलेश्वर साहू, देव नारायण ठण्डी, सुरूचि उमरे, जितेंद्र ताम्रकार, युवराज कुंजाम, मनोज सोनी, ललिता ठाकुर, मनीष कोठारी सहित अन्य मौजूद थे।

## करोड़ों की पानी टंकी बेकार सुपेला में बूंद-बूंद को तरसे लोग

**भिलाई।** करोड़ों रुपए खर्च कर सुपेला में बनाई गई नई पानी टंकी का लाभ लोगों तक नहीं मिल रहा है। क्षेत्र में लगातार पानी की समस्या बनी हुई है। वार्ड 10 के पार्षद व एमआईसी सदस्य चन्द्रशेखर गवई ने इसे लेकर आयुक्त राजीव पांडेय को पत्र लिखकर शिकायत की है। उन्होंने काम की जांच कराने और संबंधित ठेकेदार का भुगतान रोकने कहा है।

- पाइपलाइन बिछाने में लापरवाही की शिकायत

गवई ने कहा कि पाइपलाइन का काम मापदंडों के अनुसार नहीं किया गया। कई बार जोन अधिकारियों को शिकायत दी गई, लेकिन किसी ने गंभीरता से ध्यान नहीं दिया गया। पार्षद ने निर्माण की गुणवत्ता की जांच कराने और दोषी ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करने कहा है। पार्षद के मुताबिक पाइपलाइन बिछाने से पहले खुदाई के बाद रेती फिलिंग की जानी थी, ताकि पाइप सुरक्षित रहे और लीकेज की समस्या न आए। लेकिन ठेकेदार ने नियमों को दरकिनार करते हुए सीधे पाइप बिछा दिए। इसका नतीजा यह हुआ कि कई जगह पाइपलाइन से लगातार लीकेज हो रहा है और कई मोहल्लों तक पानी पहुंच ही नहीं पा रहा। जिम्मेदार अधिकारियों ने निरीक्षण नहीं किया। पार्षद ने सड़क मरम्मत में भी गड़बड़ी का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि कहीं 6 इंच तो कहीं 3 इंच तक सीसी रोड को खोद दिया गया, लेकिन पाइप डालने के बाद सड़क को दोबारा समतल नहीं किया गया। इससे स्थानीय लोगों को आवाजाही में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



## नीट के पर्चे लीक मामले में राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नीट यूजी पेपर लीक के खिलाफ एआईडीएसओ 13 से 19 मई तक अखिल भारतीय विरोध सप्ताह मना रहा है। सोमवार को इसके अंतर्गत साइंस कॉलेज के सामने प्रदर्शन किया गया। साथ ही कलेक्टर को शिक्षा मंत्री, मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इससे पहले पूरे राज्य में ट्विटर अभियान चलाया गया, जिसमें सैकड़ों छात्र छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान एनटीए की विफलताओं की कड़ी निंदा की गई, जिसके कारण एनटीए निष्पक्ष, पारदर्शी और सुरक्षित परीक्षा प्रक्रिया आयोजित करने में असफल रहा है। पिछले कई वर्षों से विभिन्न केंद्रीय परीक्षाओं में पेपर लीक, अनियमितता, हेरफेर और कदाचार के गंभीर आरोप लगातार सामने आते रहे हैं। संगठन अभिभावकों, शिक्षकों



और सभी लोकतांत्रिक सोच रखने वाले लोगों से आह्वान करता है कि वे केंद्रीय परीक्षाओं में लगातार हो रही अनियमितताओं और असुरक्षा के विरुद्ध एकजुट आवाज़ उठाएं। एक निष्पक्ष, लोकतांत्रिक और विश्वसनीय शिक्षा एवं परीक्षा प्रणाली की माँग को लेकर देशव्यापी संयुक्त छात्र आंदोलन का निर्माण करें। प्रदर्शन के दौरान जिला अध्यक्ष शुभम पाण्डेय, उपाध्यक्ष आकाश सोनी, कार्यालय सचिव दीपा कौशल, भूषण कुमार, तीजन सिन्हा, गौरव, राधा कौशल सहित अन्य मौजूद थे।

## दवा विक्रेताओं की देशव्यापी हड़ताल कल

**दुर्ग।** ऑनलाईन फार्मेसी के विरोध में राष्ट्रीय संगठन ऑल इंडिया ऑर्गनाईजेशन ऑफ केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के आव्हान पर जिले के दवा विक्रेता 20 मई को एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी दवा व्यापार बंद रखने की तैयारी में है। इसे लेक जिला दुर्ग केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट संघ का प्रतिनिधि मंडल कलेक्टर कार्यालय पहुंचा, जहां उन्होंने दुकानें बंद रखने का अल्टीमेटम दिया। इस दौरान प्रशासन ने अवगत कराया कि इस दौरान जनऔषधि केंद्र और धनवंतरी स्टोर्स खुले रहेंगे। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार खाद्य




एवं औषधि प्रशासन, जिला दुर्ग के सहायक औषधि नियंत्रक द्वारा आम नागरिकों के हित में अपील की गई है, ताकि बंद के दौरान किसी भी प्रकार की आपातकालीन स्थिति से निपटा जा सके। जिला प्रशासन ने नागरिकों और डायबिटीज, बीपी, अस्थमा, हृदय रोग, कैंसर और मिर्गी से ग्रसित मरीजों से अपील की है कि वे अपनी रोजमर्रा की जरूरी दवाइयों और जीवनरक्षक दवाओं का पर्याप्त स्टॉक पहले से ही खरीदकर सुरक्षित रख लें। आपातकालीन स्थिति निर्मित होने पर नागरिक तुरंत अपने नजदीकी अस्पताल, जिला चिकित्सालय या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों से संपर्क कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त किसी भी तरह की परेशानी होने पर नागरिक जिला दुर्ग केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट के अध्यक्ष वकार हसन कामदार 9826421919 या सचिव दीपक बंसल 9827476558 से सीधे संपर्क कर सकते हैं।

## प्रशिक्षण वर्ग महाअभियान को लेकर अंतिम तैयारी पूरी, कार्यकर्ताओं को सौंपे गए दायित्व



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

भारतीय जनता पार्टी जिला दुर्ग द्वारा आयोजित दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग महाअभियान को लेकर अंतिम तैयारी बैठक हुई। बैठक जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें प्रशिक्षण वर्ग को अनुशासित, भव्य और सफल बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में चंद्रिका चंद्राकर, दिलीप साहू, शिवेंद्र परिहार, तेखन सिन्हा, राजेंद्र पाध्येय और प्रशिक्षण वर्ग नियंत्रक संतोष सोनी विशेष रूप से उपस्थित थे।

यह प्रशिक्षण वर्ग 19 और 20 मई को राजनांदगांव रोड पर सोमनी टोल प्लाजा के पहले स्थित संचिता लॉन में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में जिलेभर से भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता शामिल होंगे। बैठक में प्रशिक्षण वर्ग की विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर अलग-अलग जिम्मेदारियां तय की गईं। आवास, भोजन, पंजीयन, स्वागत, मंच संचालन, अनुशासन और अन्य व्यवस्थाओं के लिए कार्यकर्ताओं को दायित्व सौंपे गए। पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग संगठनात्मक मजबूती और वैचारिक विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं के वैचारिक प्रशिक्षण और संगठन की कार्यप्रणाली को समझने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि इस वर्ग के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठन की रीति-नीति, विचारधारा और जनसेवा के मूल मंत्रों से अवगत कराया जाएगा।जिला महामंत्री दिलीप साहू ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग पार्टी संगठन को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। वहीं वरिष्ठ भाजपा नेता राजेंद्र पाध्येय और प्रशिक्षण वर्ग नियंत्रक संतोष सोनी ने भी कार्यकर्ताओं से जिम्मेदारी और अनुशासन के साथ कार्य करने की अपील की। बैठक में जिला मीडिया प्रभारी राजा महोबिया, सोशल मीडिया जिला संयोजक रजनीश श्रीवास्तव, सह संयोजक अविनाश राजपूत, आईटी सेल जिला सह संयोजक उमेश गिरी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

### सुशासन तिहार-2026 शिविर में मिले 441 आवेदन, 6 हितग्राहियों को मिला आवास

# पुरई सुशासन तिहार में 147 आवेदनों का मौके पर निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

सुशासन तिहार के अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन जनपद पंचायत दुर्ग क्षेत्र के ग्राम पंचायत पुरई स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में किया गया। शिविर में ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न समस्याओं एवं मांगों से संबंधित कुल 441 आवेदन प्रस्तुत किए। विभागीय अधिकारियों द्वारा 147 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया, शेष आवेदनों के निराकरण की प्रक्रिया समय-सीमा में पूरी की जाएगी।

शिविर में मचांदुर, चिरपोटी, पाउवारा, कोड़यि, कोकड़ी, हनोदा, पुरई, खोपली, डुमरडीह, घुघसीडीह, उमरपोटी, कातरो, बोरीगारका एवं करगाडीह के गांवों के ग्रामीणों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों में पहुंचकर आवेदन जमा किए। जनसमस्या निवारण शिविर में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर एवं कलेक्टर अभिजीत सिंह ने ग्रामीणजनों से संवाद किया। विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार समाज के हर वर्ग तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इस अभियान के तहत लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा रहा है तथा आम नागरिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ सरलता से उपलब्ध कराया जा रहा है। इस अवसर पर एसडीएम हरवंश सिंह मिरी, गौ सेवा आयोग अध्यक्ष विजय अग्रवाल, जनपद पंचायत सीईओ रूपेश पाण्डे, जिला पंचायत सभापति श्रद्धा साहू, जनपद सदस्य अजीत चंद्राकर, सरपंच डोमार साहू, सरपंचगण पूजा चंद्राकर, लक्ष्मी साहू आदि मौजूद थे।



### क्यूआर कोड का प्रदर्शन

शिविर में क्लस्टर की सभी ग्राम पंचायतों के क्यूआर कोड का प्रदर्शन किया गया है, जिसमें बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणजनों द्वारा मोबाइल से क्यूआर कोड स्कैन कर संबंधित जानकारी प्राप्त कर इसकी सराहना कर रहे हैं। इस पहल के माध्यम से मनरेगा कार्यों में पारदर्शिता एवं सूचना की सुगम उपलब्धता सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया।

### इन्हें मिला लाभ

शिविर में ग्रामीण विधायक श्री चंद्राकर एवं कलेक्टर श्री सिंह ने हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। विधायक श्री चंद्राकर एवं कलेक्टर श्री सिंह ने महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से 6 गर्भवती महिलाओं को पोषण टोकनी वितरित किए। इसके साथ ही जनप्रतिनिधियों द्वारा राष्ट्रीय परिवार सहायता अंतर्गत 3 हितग्राहियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। वहीं मुख्यमंत्री वृद्धा पेंशन योजना अंतर्गत दो हितग्राहियों को प्रतीकात्मक चेक प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत एक हितग्राही रूपौतिन बाई को स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया तथा 6 आवास हितग्राहियों राजू साहू, रेनी बाई, रोहिणी बाई यादव, उषा बाई, जन्तिका बाई और मोंगरा बाई को आवास की चॉबी सौंपी गई। इसके साथ ही किशोरी बालिकाओं को सेनेटरी नैपकीन वितरित किए गए।

# भीषण गर्मी में बिजली व्यवस्था चरमराई, घंटों अंधेरे में रह रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी के बीच बिजली व्यवस्था पूरी तरह लड़खड़ाती नजर आ रही है। शहर से लेकर गांव तक अघोषित बिजली कटौती, बार-बार ट्रिपिंग और घंटों बिजली बंद रहने से लोग परेशान हैं। हालात यह हैं कि दिन में गर्म हवाओं और रात में उमस के बीच बिजली गुल होने से लोगों का घरों में रहना मुश्किल हो गया है।

बिजली संकट के पीछे अब एक और बड़ी वजह सामने आई है। जिले के कई विद्युत सब स्टेशनों में कर्मचारियों और लाइनमैनों की भारी कमी बताई जा रही है। सीमित स्टाफ के भरोसे पूरे क्षेत्र की बिजली व्यवस्था संभाली जा रही है, जिसके कारण फॉल्ट सुधारने और शिकायतों के निराकरण में काफी देरी हो रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार कई बार मामूली तकनीकी खराबी के बाद भी घंटों बिजली बंद रहती है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और गंभीर है, जहां रात में बिजली बंद होने पर तुरंत सुधार कार्य नहीं हो पाता। कई गांवों में एक लाइनमैन को कई फीडरों और गांवों की जिम्मेदारी संभालनी पड़ रही है। गर्मी के कारण बिजली की मांग लगातार बढ़ रही है। कूलर, पंखे और मोटरों के अधिक उपयोग से ट्रांसफार्मरों और लाइनों पर अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है। ऐसे में छोटी-छोटी तकनीकी दिक्कतें भी बड़ी समस्या बन जा रही हैं। बिजली बंद होने से पेयजल व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। घरों में पानी की सप्लाई बाधित होने से लोगों को दोहरी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

## स्टाफ और लाइनमैनों की कमी से बढ़ी परेशानी

### कारोबार भी हो रहा प्रभावित

व्यापारियों का कहना है कि लगातार बिजली कटौती से कारोबार प्रभावित हो रहा है। वहीं विद्यार्थी भी पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं। किसानों ने बताया कि सिंचाई कार्य प्रभावित होने से खेती-किसानी पर असर पड़ रहा है। जिलेवासियों ने विद्युत विभाग से सब स्टेशनों में पर्याप्त कर्मचारियों की नियुक्ति, लाइनमैनों की संख्या बढ़ाने और अघोषित बिजली कटौती पर रोक लगाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि गर्मी के इस दौर में बिजली व्यवस्था में जल्द सुधार नहीं हुआ तो जनआक्रोश बढ़ सकता है।


फाइल : फोटो

### लोड व तकनीकी कारणों से समस्या

वहीं विभागीय अधिकारियों का कहना है कि बढ़ते लोड और तकनीकी कारणों से कुछ स्थानों पर समस्या आ रही है। उपलब्ध संसाधनों के साथ बिजली आपूर्ति को सुचारु बनाए रखने का प्रयास किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### नशे में कार चालक ने किया हादसा, गिरफ्तार

**भिलाई।** रविवार को हुए चंद्रा मौर्या टाकिज के पास सड़क हादसे में दो युवकों की मौत होने के मामले में पुलिस ने कार चालक को गिरफ्तार किया है। चालक के खिलाफ पुलिस ने धारा 128, 125(ए), 105 बीएनएस एवं 184 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि मकान नंबर बी/70 आम्रपाली वनांचल सिटी जामुल निवासी सागर जायसवाल ने हादसे के समय नशा किया हुआ था। उसे घेराबंदी कर पकड़ा गया है। घटना में कार सीजी 07 बीआर 0571 को जब्त किया गया। सागर को वैशाली नगर पुलिस ने चिट्टा के मामले में कार्रवाई कर चूकी है।

### आइसक्रीम फैक्ट्री पर 25 हजार का जुर्माना



**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत जोन-2 वैशाली नगर के वार्ड 21 कैलाश नगर में संचालित आईसक्रीम फेक्ट्री पर निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय के निर्देशानुसार निगम स्वास्थ्य विभाग का अमला निरीक्षण करने पहुंचा। निरीक्षण के दौरान कृष्णा फुड प्रोडक्ट नामक आईसक्रीम फेक्ट्री में कई कमरे, ऑफिस रुम, स्टोर रूम, डीप फिजर रूम व हॉल बने हुए हैं। इसमें विभिन्न प्रकार की आईसक्रिमो का निर्माण और पेकेजिंग किया जा रहा था। स्टोर रूम के एक कोने और एक डीप फ्रीजर में लगभग 200 नग कुल्फियां डेमेज हालत में पिघली हुई मिली। चारों ओर गंदगी फैली थी। पिघली व डेमेज आईसक्रिम को विनिस्टीकरण के लिए पंचनामा तैयार का जब्त किश्स गश्सद्ध संचालक पर गंदगी फैलाने पाए जाने पर 25,000 रुपए का जुर्माना लगाया गया। संचालक को मिक्चर मशीन, डीप फ्रिजर, स्टोर रुम, निर्माण एवं पेकेजिंग स्थल को साफ सुधरा रखने तथा खाद्य प्रदार्थों को शुद्ध और व्यवस्थित हालत में उपयोग करने की समझाइश दी गयी। इस दौरान जोन-2 वैशाली नगर क्षेत्र के जोन स्वास्थ्य अधिकारी शंकर साहनी, जोन स्वच्छता निरीक्षक अंजनी सिंह, वार्ड सुपरवाइजर व स्वास्थ्य विभाग के सफाई कर्मचारी मौजूद थे।

### नर्सेस दिवस समारोह में शामिल हुए विधायक रिकेश

**भिलाई।** आज अधिकांश अस्पताल पूरी तरह से व्यावसायिक हो गए हैं। यही कारण है एक तरफ जहां आम नागरिकों को परेशानी हो रही है, वहीं डाक्टरों पर भी लोगों का भरोसा कम होता जा रहा है। यदि अस्पताल मरीजों की सेवा को प्राथमिकता दें तो उनकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। उक्त बातें वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने हाईटेक सुपरस्पेशालिटी हॉस्पिटल में आयोजित इंटरनेशनल नर्सेस डे समारोह को संबोधित करते हुए कहीं। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि भाजपा के प्रदेश महामंत्री अमित साहू ने हाईटेक प्रबंधन की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस सेवाभावी परिवार का अपनापन ही है जो बार-बार उन्हें रायपुर से यहां खींच लाता है। मेडिकल डायरेक्टर डॉ रंजन सेनगुप्ता ने अस्पताल के छह वर्षों की यात्रा का संक्षिप्त वर्णन करते हुए अस्पताल की उपलब्धियों तथा यहां उपलब्ध सुविधाओं और विशेषज्ञताओं की चर्चा की।

## आयोजन : ग्रामीणों ने मंत्री और अधिकारियों के सामने रखीं समस्याएं

# कुरा में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित, मंत्री दयाल दास बघेल ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- 8 बालिकाओं को मिले नोनी सुरक्षा योजना के प्रमाण-पत्र

विकासखंड नवागढ़ के ग्राम पंचायत कुरा में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक दयाल दास बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं, मांगें और शिकायतें मंत्री तथा प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष रखीं।



मंत्री श्री बघेल ने प्राप्त आवेदनों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान होना चाहिए ताकि लोगों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

शिविर को संबोधित करते हुए मंत्री श्री बघेल ने कहा कि राज्य सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने अधिकारियों से नागरिकों की समस्याओं का संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ समाधान करने की बात कही।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित भी किया गया। कृषि विभाग ने किसानों को डिजिटल किसान किताब वितरित की, जबकि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 8 बालिकाओं को नोनी सुरक्षा योजना के पंजीयन प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

स्वास्थ्य विभाग ने 5 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड और टीबी उन्मूलन अभियान के तहत 5 मरीजों को निक्षय किट वितरित की। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास पूर्ण करने वाले 3 हितग्राहियों को मकान की चाबी सौंपकर शुभकामनाएं दी गईं।

शिविर में मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान की घोषणा भी की गई। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# बेहतर प्रदर्शन के लिए सभी शिव सैनिकों को रहना होगा सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- नांदघाट में शिवसेना की बैठक, 2027 चुनाव की तैयारियों पर जोर
- तीन जिले के शिव सैनिकों ने लिया भाग

शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी के प्रदेश महासचिव दाऊ राम चौहान ने नांदघाट विश्राम गृह में मुंगेली, भाटापारा और बेमेतरा जिले के शिव सैनिकों की आवश्यक बैठक ली। बैठक का आयोजन बेमेतरा जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष रामचरण वर्मा के नेतृत्व में किया गया। बैठक में दाऊ राम चौहान ने बताया कि यह आयोजन पार्टी प्रमुख डॉ. आनंद मल्होत्रा के निर्देश पर किया गया है। उन्होंने तीनों जिलों के प्रभारियों को आगामी 2027 विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए सदस्यता अभियान तेज करने के निर्देश दिए, ताकि पार्टी का विस्तार अधिक से अधिक किया जा सके।

श्री चौहान ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी को छत्तीसगढ़ में मजबूती के साथ उतारने और बेहतर प्रदर्शन के लिए सभी कार्यकर्ताओं को सक्रिय रहना होगा। उन्होंने शिव सैनिकों से आम जनता की मूलभूत समस्याओं को लेकर शासन-प्रशासन तक लगातार आवाज उठाने की अपील की।

बैठक में प्रदेश में डीजल-पेट्रोल की उपलब्धता का मुद्दा भी उठाया गया। चौहान ने कहा कि किसान वर्तमान में ईंधन की समस्या से जूझ रहे हैं, जिससे कृषि कार्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन से किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में डीजल उपलब्ध कराने और पेट्रोल पंप संचालकों को आवश्यक निर्देश देने की मांग की।

इसके अलावा उन्होंने प्रदेश में चल रहे सुशासन तिहार अभियान का उल्लेख करते हुए पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से आम लोगों की समस्याओं के निराकरण में सहयोग करने की बात कही।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में प्रदेश सचिव मनहरण, जिला सचिव गंगोत्री साहू, जागेश्वरी, भानु यादव, नारायण वर्मा, कुलदीप आडिल सहित बड़ी संख्या में शिव सैनिक उपस्थित रहे।

# बगैर जांच-पड़ताल के धड़ल्ले से बिक रहा खुला दूध, नहीं हो रही कार्रवाई

## मिलावट की आशंका से उपभोक्ताओं में चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भीषण गर्मी के इस दौर में जहां आमतौर पर दूध उत्पादन में गिरावट देखने को मिलती है, वहीं जिले और आसपास के शहरी क्षेत्रों में खुले दूध की सप्लाई लगातार बनी हुई है।

शादी-ब्याह, होटल, डेयरियों और बड़े आयोजनों में भारी मात्रा में दूध की खपत के बावजूद बाजार में दूध की उपलब्धता पर कोई असर नहीं दिख रहा। ऐसे में अब दूध की गुणवत्ता और उसकी शुद्धता को लेकर गंभीर सवाल खड़े होने लगे हैं।

कवर्धा, बोड़ला, पंडरिया, लोहारा, पिपरिया और पाण्डातराई सहित कई क्षेत्रों में खुले दूध की मांग तेजी से बढ़ी है। इस बढ़ती मांग के साथ दूध कारोबार से जुड़े लोगों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। पहले जहां ग्रामीण सीधे घर-घर जाकर दूध बेचते थे, वहीं अब अधिकांश विक्रेता डेयरियों, मिठाई दुकानों और होटलों को थोक में सप्लाई कर रहे हैं। इससे दूध में मिलावट की आशंका और भी गहरा गई है। जानकारी के अनुसार जिले में संचालित कई डेयरियों के पास खुद के दुधारू पशु तक नहीं हैं। ये कारोबारी गांवों से दूध खरीदकर बाजार में अधिक मात्रा में सप्लाई कर रहे हैं। सूत्रों का दावा है कि खरीदे गए दूध की तुलना में कई जगह दोगुनी मात्रा में दूध बेचा जा रहा है, जिससे मिलावट की आशंका को बल मिल रहा है।

### विभागीय जांच और कार्रवाई की मांग

स्थानीय लोगों का कहना है कि खाद्य एवं औषधि विभाग द्वारा नियमित जांच नहीं होने से मिलावटी दूध का कारोबार बेखौफ जारी है। बाजार में खुलेआम बिक रहे दूध के सैंपल लेकर जांच कराने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग उठने लगी है। लोगों का कहना है कि स्वास्थ्य से जुड़े इस गंभीर मुद्दे पर प्रशासन को तत्काल अभियान चलाकर डेयरियों और दूध विक्रेताओं की जांच करनी चाहिए, ताकि उपभोक्ताओं को शुद्ध और सुरक्षित दूध मिल सके।

### पाउडर, बुरादा और पानी मिलाने की चर्चा

सूत्रों के मुताबिक दूध की मात्रा बढ़ाने के लिए उसमें दूध पाउडर, खसखस का बुरादा और अन्य पदार्थ मिलाए जा रहे हैं। कुछ मामलों में ऊंट और भेड़ के गाढ़े दूध को गाय-भैंस के दूध में मिलाकर उसमें पानी की मात्रा बढ़ाने की भी चर्चा है। इस तरह के हथकंडों से मुनाफा कई गुना बढ़ाया जा रहा है, लेकिन इसका सीधा असर लोगों की सेहत पर पड़ सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि मिलावटी दूध के सेवन से पेट संबंधी बीमारियां, फूड पॉइजनिंग, बच्चों में कुपोषण और अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। गर्मी के मौसम में दूषित दूध जल्दी खराब होने के कारण खतरा और बढ़ जाता है।

# सोना खरीद पर कथित रोक के विरोध में कांग्रेस ने सराफा व्यापारियों से किया संवाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों और सोना खरीद पर कथित एक वर्ष की रोक संबंधी फैसले के विरोध में शहर कांग्रेस कमेटी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेमेतरा ने सोमवार को सदर रोड स्थित सराफा व्यापारियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। कांग्रेस नेताओं ने इसे व्यापारियों और आम जनता के हितों के खिलाफ बताया। कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार की नीतियों से व्यापार प्रभावित हो रहा है और छोटे व्यापारियों के सामने आर्थिक संकट की स्थिति निर्मित हो रही है। संवाद कार्यक्रम के दौरान सराफा व्यापारियों ने भी कारोबार में आई मंदी और भविष्य को लेकर चिंता जताई। व्यापारियों ने कहा कि बाजार में अनिश्चितता का माहौल बनने से खरीद-बिक्री पर असर पड़ा है। कार्यक्रम छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा की सहमति से आयोजित किया गया। कांग्रेस नेताओं ने व्यापारियों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं को पार्टी मंच पर प्रमुखता से उठाया जाएगा।

### ये रहे उपथित इस

अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रश्मि मिश्रा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मिथिलेश वर्मा, महामंत्री नारायण छाबड़ा, सीताराम यदु, पार्षद तारकेश्वर साहू, प्रकाश ठाकुर, योगिता साहू, हेमिन यादव, शुभम सोनी, बलवंत साहू, राम सजीवन टंडन, मुख्तार अहमद, राजेश नौरंगे, प्रकाश तुर्के, दुर्गेश्वरी यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पेज 9 के शेष

### अफवाहों से बढ़ी पेट्रोल ...

संकट नहीं है। **जरीकेन और बोतलों में पेट्रोल देने पर रोक :** प्रशासन ने बताया कि अफवाहों के कारण लोग जरूरत से ज्यादा पेट्रोल-डीजल खरीद रहे हैं। कई लोग वाहनों के अलावा जरीकेन, बोतल और डिब्बों में भी ईंधन भरवाने पहुंच रहे हैं, जिससे पेट्रोल पंपों पर भीड़ बढ़ रही है और अचानक मांग में इजाफा हो रहा है। तेल कंपनियों ने सुरक्षा कारणों से जरीकेन, बोतल और खुले डिब्बों में पेट्रोल-डीजल देने पर प्रतिबंध लगाया है। प्रशासन ने लोगों से संयम बरतने और केवल आवश्यकता अनुसार ही ईंधन लेने की अपील की है, ताकि सभी उपभोक्ताओं को सुचारु रूप से पेट्रोल-डीजल उपलब्ध हो सके।

### आज राष्ट्रव्यापी दवा व...

अस्पताल अथवा स्वास्थ्य विभाग के टोल फ्री नंबर 9340597097 पर संपर्क कर सकते हैं। वहीं दवाओं की उपलब्धता संबंधी सहायता के लिए जिला दवा विक्रेता संघ बेमेतरा के पदाधिकारियों के संपर्क नंबर भी जारी किए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने दवा विक्रेता संघ से शांतिपूर्ण तरीके से बंद करने तथा जनहित को ध्यान में रखते हुए जीवनरक्षक दवाइयों की आपूर्ति जारी रखने की अपील की है।

# उप निर्वाचन 2026 : जनपद सदस्य, सरपंच और पंच पदों के लिए नामांकन प्रक्रिया जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2026 के तहत जिले में रिक्त जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच एवं पंच पदों के लिए नामांकन प्रक्रिया जारी है।

निर्वाचन प्रक्रिया की निगरानी एवं प्रेक्षण कार्य हेतु छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक अरविंद कुमार पाण्डेय ने जनपद पंचायत बेरला पहुंचकर निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। प्रेक्षक पाण्डेय, जो रायपुर विकास प्राधिकरण में अपर मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद पर पदस्थ हैं, ने अधिकारियों को आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप



निष्पक्ष, पारदर्शी एवं विधिसम्मत निर्वाचन संपन्न कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान राजस्व अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा बेरला तथा रिटर्निंग अधिकारी मौजूद रहे। इधर, जिले के सभी खंड मुख्यालयों में मंगलवार को रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा प्राप्त नामांकन पत्रों की संवीक्षा की गई। निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड साजा में पंच के 2 पदों के लिए 3 नामांकन पत्र प्राप्त हुए हैं। वहीं बेमेतरा विकासखंड में पंच के 12 पदों के लिए 15 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया है।

विकासखंड बेरला में जनपद पंचायत सदस्य के 1 पद के लिए 6 तथा पंच के 5 पदों के लिए 7 नामांकन पत्र जमा किए गए हैं। अधिकारियों के अनुसार सभी नामांकन पत्र वैध पाए गए हैं तथा निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित तरीके से जारी है।

हालांकि जिले के बोटलडीह में रिक्त सरपंच पद के लिए अब तक कोई नामांकन पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार नाम वापसी की अंतिम तिथि 21 मई अपराह्न 3 बजे निर्धारित की गई है।

# मोबाइल नहीं देने पर मां और पिता पर हंसिया से हमला, माता गंभीर

**भिलाई।** मोबाइल नहीं मिलने पर मां और पिता को हंसिया से वार कर घायल करने का मामला सामने आया है। हमले में मां गंभीर रूप से घायल हो गईं। जिसे रायपुर के अस्पताल में रेफर किया गया है। वहीं को भी गंभीर रुप से चोट आई है। आरोपी बेटे को पुलिस ने पकड़ लिया है। जामुल टीआई रामेन्द्र सिंह ने बताया कि ढांचा भवन जामुल निवासी चंदूलाल साहू 50 वर्ष, खिलेश्वरी साहू 47 वर्ष अपने बेटे राकेश साहू का उपचार के लिए अस्पताल लेकर जा रहे थे। अस्पताल जाने से पहले राकेश ने अपने पिता से मोबाइल मांगा। पिता ने मोबाइल बाद में देने की बात कही। इसी बात से नाराज राकेश ने पहले पिता दिनेश उसकी बाद मां खिलेश्वरी साहू पर हाथ में वार कर दिया। हमले के दौरान चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। पड़ोसियों ने पहले अन्य लोगों को बुलाया, फिर मिलकर आरोपी राकेश को घेर लिया।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# डीजल संकट की आशंका के बीच किसानों की चिंता बढ़ी, जिपं अध्यक्ष ने प्रशासन से मांगी तत्काल व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

खरीफ सीजन की शुरुआत से पहले जिले के किसानों के सामने डीजल उपलब्धता को लेकर चिंता गहराने लगी है। इसी मुद्दे को उठाते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने जिला प्रशासन से किसानों को पर्याप्त मात्रा में डीजल उपलब्ध कराने की मांग की है। उन्होंने कलेक्टर को पत्र लिखकर खाद्य विभाग एवं जिले के सभी पेट्रोल पंप संचालकों को आवश्यक निर्देश जारी करने का आग्रह किया है, ताकि खेती-किसानी के कार्य प्रभावित न हों। उन्होंने पत्र में कहा है कि बेमेतरा जिला कृषि प्रधान क्षेत्र है और यहां की अधिकांश आबादी खेती पर निर्भर है। जून माह से मानसून शुरू होने की संभावना है, जिसके चलते किसान खेतों की जुताई, बुवाई और अन्य कृषि कार्यों की तैयारी में जुट गए हैं। ऐसे समय में ट्रैक्टर एवं कृषि उपकरणों के संचालन के लिए डीजल की आवश्यकता बढ़ जाती है। लेकिन जिले के कई पेट्रोल पंपों में किसानों को जरूरत के मुताबिक डीजल नहीं मिल पा रहा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में परेशानी बढ़ रही है।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि कई गांव पेट्रोल पंपों से 15 से 20 किलोमीटर दूर स्थित हैं। किसान डिब्बों में डीजल लेने पहुंचते हैं, लेकिन कई जगह संचालकों द्वारा डिब्बों में डीजल देने से मना कर ट्रैक्टर लेकर आने की बात कही जाती है।

## खरीफ सीजन से पहले किसान के सामने डीजल का संकट



### त्वरित कार्रवाई

इससे किसानों को अतिरिक्त खर्च और समय की बर्बादी झेलनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि खेती में समय सबसे महत्वपूर्ण होता है और समय पर जुताई-बुवाई नहीं होने पर फसल प्रभावित होने का खतरा बना रहता है। कल्पना योगेश तिवारी ने प्रशासन से मांग की है कि जिले के सभी पेट्रोल पंपों में किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में डीजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा ग्रामीण किसानों को डिब्बों में भी डीजल दिए जाने की व्यवस्था बनाई जाए, ताकि उन्हें अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने उम्मीद जताई कि जिला प्रशासन किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र आवश्यक कदम उठाएगा, जिससे आगामी खरीफ सीजन में किसानों को राहत मिल सके।

## खबर संक्षेप

### सुशासन तिहार के समाधान शिविर आज

**बेमेतरा।** जिले में सुशासन तिहार-2026 के तहत बुधवार 20 मई को नगर पंचायत कुसमी और नगर पंचायत थानखम्हरिया में समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। प्रशासन ने नागरिकों से शिविर में पहुंचकर अपनी समस्याओं के निराकरण एवं शासकीय योजनाओं का लाभ लेने की अपील की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पंचायत कुसमी में शिविर नगर पंचायत कार्यालय भवन में लगाया जाएगा। वहीं साजा विकासखंड अंतर्गत नगर पंचायत थानखम्हरिया के वार्ड क्रमांक 1 से 15 के लिए नगर पंचायत कार्यालय भवन के सभाकक्ष में शिविर आयोजित होगा। दोनों शिविरों का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक निर्धारित किया गया है। शिविर में विभिन्न विभागों के जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहेंगे। आम नागरिकों से प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों का मौके पर यथासंभव निराकरण किया जाएगा। साथ ही पात्र हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित भी किया जाएगा। प्रशासन की ओर से बताया गया कि शिविर में विभागीय योजनाओं, सेवाओं और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी भी दी जाएगी, ताकि ग्रामीण और शहरी नागरिक आसानी से शासन की योजनाओं का लाभ उठा सकें। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचने और अपनी समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन प्रस्तुत करने की अपील की है।

### पुरुषोत्तम मास में भक्तिमय हुआ थान खम्हरिया



**बेमेतरा/थान खम्हरिया।** पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी आशीष बंसल एवं सानू अग्रवाल के निवास में सुंदरकांड पाठ एवं भजन-कीर्तन का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर भगवान श्रीराम एवं बजरंगबली की आराधना की। धार्मिक आयोजन की शुरुआत हनुमान भगवान के पूजन-अर्चन से हुई। इसके पश्चात सुंदरकांड की चौपाइयों का सामूहिक पाठ किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिरस में डूब गया। स्थानीय शिव शक्ति महिला मानस मंडली ने प्रभु श्रीराम और हनुमान जी के भजनों की मनमोहक प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। आयोजक आशीष बंसल ने कहा कि सुंदरकांड पाठ से मन को शांति और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है। साथ ही ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारा और समरसता को भी बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम के समापन पर हनुमान जी की आरती की गई तथा श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन में नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### आपसी विवाद में की हत्या

**राजनांदगांव।** शहर के गौरीनगर इलाके में रेलवे पावर हाऊस के पास बीती रात एक किशोर की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गई।

## अनदेखी : हादसे की आशंका के बावजूद प्रशासन मौन

# दरकती पुलिया बनी जानलेवा खतरा, दुर्ग-बेमेतरा स्टेट हाईवे पर देवरबीजा के पास पुलिया क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/देवरबीजा

दुर्ग-बेमेतरा राजकीय मार्ग पर देवरबीजा से केशडबरी के बीच स्थित नाले की पुलिया इन दिनों गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। पुलिया के एक हिस्से में करीब 5 फीट लंबी गहरी स्केलनुमा दरार उभर आने से इस व्यस्त स्टेट हाईवे पर कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका मंडरा रही है। चिंताजनक बात यह है कि स्थिति की गंभीरता के बावजूद जिम्मेदार विभाग और प्रशासन अब तक मौन बने हुए हैं।

यह मार्ग दुर्ग और बेमेतरा जिले को जोड़ने वाला प्रमुख स्टेट हाईवे है, जहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में दोपहिया, चारपहिया वाहन, यात्री बसें और भारी मालवाहक वाहन गुजरते हैं। पुलिया की जर्जर स्थिति के चलते राहगीर जान जोखिम में डालकर सफर करने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते मरम्मत कार्य नहीं कराया गया, तो पुलिया पूरी तरह ध्वस्त हो सकती है, जिससे यातायात बाधित होने के साथ बड़ी जनहानि की आशंका भी बढ़ जाएगी।



ग्रामीणों और राहगीरों ने लोक निर्माण विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। लोगों का आरोप है कि हर वर्ष सड़क और पुल-पुलियों के संधारण एवं मरम्मत के नाम पर लाखों रुपये खर्च किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत बदहाल बनी हुई है। पुलिया में आई दरार विभागीय लापरवाही और गुणवत्ता विहीन रखरखाव की पोल खोल रही है।

जानकारी के अनुसार मामला लोक निर्माण विभाग के साजा उपसंभाग अंतर्गत कोदवा सेक्शन का है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि कई बार शिकायत और जानकारी दिए जाने के बावजूद अब तक न तो पुलिया की मरम्मत शुरू हुई और न ही सुरक्षा के कोई इंतजाम किए गए हैं। मौके पर चेतावनी बोर्ड तक नहीं लगाए गए हैं और वाहनों की आवाजाही नियंत्रित करने के प्रयास भी नजर नहीं आ रहे।

बरसात का मौसम नजदीक आने से लोगों की चिंता और बढ़ गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि लगातार पानी का दबाव पड़ने पर पुलिया की दरार और चौड़ी हो सकती है, जिससे स्थिति और भयावह हो सकती है।

इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के कोदवा सेक्शन के उप अभियंता से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनकी ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी।

## बेमेतरा में पुलिस की सख्ती बढ़ी

# होटल-ढाबों और सार्वजनिक स्थलों पर लगातार चेकिंग अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में अपराधों पर अंकुश लगाने और कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए बेमेतरा पुलिस ने विजिबल पुलिसिंग अभियान तेज कर दिया है। पुलिस उप महानिरीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देशन में शहर के संवेदनशील इलाकों, होटल-ढाबों, सार्वजनिक स्थलों और अड्डेबाजी वाले क्षेत्रों में लगातार पैदल गश्त एवं सघन चेकिंग की जा रही है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश कुमार यादव एवं एसडीओपी भूषण एक्का के मार्गदर्शन में थाना सिटी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सोनल ग्वाला के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सोमवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया। इस दौरान होटल, ढाबों, पार्क, चौक-चौराहों और सुनसान स्थानों में संदिग्ध गतिविधियों की जांच की गई। पुलिस ने अड्डेबाजी करने वालों, सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन करने वालों और देर रात अनावश्यक रूप से घूमने वाले लोगों से पूछताछ की। वहीं संदिग्ध वाहनों की तलाशी लेकर जांच की गई। अभियान के दौरान पुलिस की मौजूदगी से शहर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लोगों में भरोसा बढ़ा है।

पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने और असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा। साथ ही आम नागरिकों से भी अपील की गई है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

# अघोषित बिजली कटौती से फूटा लोगों का गुस्सा, बेरला बिजली कार्यालय का किया घेराव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

■ बार-बार ट्रिपिंग और घंटों बिजली गुल रहने से परेशान

नगर पंचायत बेरला में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती और बार-बार ट्रिपिंग की समस्या को लेकर सोमवार को नगरवासियों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित लोगों ने बेरला स्थित बिजली कार्यालय का घेराव कर विभाग के खिलाफ जमकर नाराजगी जताई। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो पूरे नगर को बंद कर उग्र आंदोलन किया जाएगा।

नगरवासियों का कहना है कि हर 5 से 10 मिनट में बिना किसी पूर्व सूचना के बिजली बंद हो रही है। इससे जहां घरों में लगे टीवी, फ्रिज, कूलर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण खराब हो रहे हैं, वहीं बिजली आधारित कारोबार भी बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। व्यापारियों ने बताया कि लगातार कटौती के कारण दुकानों और छोटे उद्योगों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

प्रदर्शन के दौरान लोगों ने बिजली विभाग के अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया। स्थानीय लोगों के मुताबिक सहायक यंत्री अक्सर कार्यालय में उपलब्ध नहीं रहते और फोन कॉल का जवाब भी नहीं देते। वहीं जेई खुशबू सोनबोईर ने स्टाफ और लाइनमैनों की कमी का हवाला देते हुए तत्काल सुधार में असमर्थता जताई। विभागीय कर्मचारियों ने बताया कि तार या पोल टूटने जैसी घटनाओं में पर्याप्त स्टाफ नहीं होने से मरम्मत कार्य में देरी होती है।

नगरवासियों ने विभाग के रवैये पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी समाधान निकालने के बजाय बहानेबाजी कर रहे हैं। प्रदर्शन में संतोष साहू, राजेश दुबे, भारत भूषण साहू, हर्षद सुराणा, मानक चतुर्वेदी और आशीष सोनी सहित बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

प्रदर्शनकारियों ने साफ कहा कि यदि जल्द बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में बड़ा जनआंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन और बिजली विभाग की होगी।

# साजा नगर पंचायत में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर बैठक



**साजा।** नगर पंचायत साजा के सभाकक्ष में 19 मई को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। बैठक में नागरिकों को घरों से निकलने वाले कचरे को गीला और सूखा अलग-अलग देने के संबंध में समझाइश दी गई।

साथ ही निकाय क्षेत्र के सभी वार्डों में साफ-सफाई अभियान चलाने का निर्णय लिया गया, ताकि स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण बनाए रखा जा सके। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष हिमांशु वर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी बसंत कुमार लोन्हारे, सभापति कमलनारायण सिंह, आशीष वर्मा, दुर्गा गोयल, नेहा यादव, गौकरण साहू, व्यापारी संघ अध्यक्ष निकेश जैन सहित नगर पंचायत के कर्मचारी और स्व सहायता समूह के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में भारतभूषण ठाकुर, ठुब्लू राम सिन्हा, केशवराम साहू, भूपेश सिन्हा, दुकालु वर्मा सहित अन्य कर्मचारियों ने भी स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए अपने सुझाव रखे।





